**अभ्यास पत्र - 5**

**विषय : हिंदी** **कक्षा – आठ** **नवंबर ,2025**

**पठित बोध**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

वही शाम आज थी। हफ्ते का अंतिम दिन। कल ढाई सौ रुपये या तो गिन देना है या सारी हेंकड़ी से हाथ धोना है। यह सच है कि कल रुपया न आने पर उनकी स्त्री उन्हें डामलफाँसी न कर देगी 'केवल जरा-सा हँस देगी। पर वह कैसी हँसी होगी, कल्पना मात्रा से झाऊलाल में मरोड़ पैदा हो जाती थी।आज शाम को पं. बिलवासी मिश्र को आना था। यदि न आए तो? या कहीं रुपये का प्रबंध वे न कर सके? इसी उधेड़-बुन में पड़े लाला झाऊलाल छत पर टहल रहे थे। कुछ प्यास मालूम हुई। उन्होंने नौकर को आवाज़ दी। नौकर नहीं था, खुद उनकी पत्नी पानी लेकर आईं।वह पानी तो जरूर लाईं पर गिलास लाना भूल गई थीं। केवल लोटे में पानी लिए वह प्रकट हुईं। फिर लोटा भी संयोग से वह जो अपनी बेकार सूरत के कारण लाला झाऊलाल को सदा से नापसंद था। था तो नया, साल दो साल का ही बना पर कुछ ऐसी गढ़न उस लोटे की थी कि उसका बाप डमरू, माँ चिलम रही हो। लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे। मानना ही चाहिए। इसी को सभ्यता कहते हैं। जो पति अपनी पत्नी का न हुआ, वह पति कैसा? लाला अपना गुस्सा पीकर पानी पीने लगे। उस समय वे छत की मुँडेर के पास ही खड़े थे। जिन बुजुर्गों ने पानी पीने के संबंध में यह नियम बनाए थे कि खड़े-खड़े पानी न पियो, सोते समय पानी न पियो, दौड़ने के बाद पानी न पियो, उन्होंने पता नहीं कभी यह भी नियम बनाया या नहीं कि छत की मुँडेर के पास खड़े होकर पानी न पियो|

**1.** लाला झाऊलाल को किस बात की चिंता सता रही थी?

(अ) पत्नी के गुस्से की

(ब) पत्नी को पैसे देने की

(स) नौकर के जाने की

(द) बिलवासी मिश्र के आने की

**2.** लाला झाऊलाल को कौन-सा लोटा पसंद नहीं था?
(अ) पीतल का पुराना लोटा
(ब) उनकी पत्नी जिसमे पानी लाई  थी वह लोटा
(स) तांबे का बड़ा लोटा
(द) मिट्टी का लोटा

**3.** लेखक ने पानी पीने के नियमों का उल्लेख किस भाव में किया है?
(अ) व्यंग्य और हास्य के साथ
(ब) डर और चिंता के साथ
(स) गंभीर और धार्मिक रूप से
(द) वैज्ञानिक दृष्टिकोण से

**4.** बड़ों ने पानी पीने का कौन -सा नियम नहीं बनाया  ?

(अ) खड़े-खड़े पानी नहीं पीना चाहिए |
(ब) लेटे-लेटे पानी नहीं पीना चाहिए |
(स) दौड़ने के बाद पानी नहीं पीना चाहिए|
(द) मुंडेर के पास खड़े होकर  पानी नहीं पीना चाहिए|

**5** 'आज वही शाम थी' लेखक किस शाम की बात कर रहा है  ?

(अ) पत्नी को पैसे देने की |
(ब) बिलवासी के पैसे लाने की |
(स) पत्नी से झगड़ने की |
(द) किरदार को किराया देने की |

**व्याकरण**

**क)निम्नलिखित विराम चिन्हो के नाम लिखिए और वाक्य में प्रयोग कीजिए –**

i) ,
ii) !
iii) ?
iv) |
v) (  )

**ख)  निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग व मूलशब्द अलग – अलग कीजिए –**

अभिनय , पराजय , अज्ञान , परिश्रम

**ग) निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय व मूलशब्द अलग कीजिए –**

मुस्कुराहट , डरावना , त्यागी , रंगीला

**घ) रचना के आधार पर वाक्य के भेद का नाम लिखिए –**

i) मुझे पक्का यकीन था कि तुम आओगे |
ii) बिजली चमक रही है
iii) जब सवेरा हुआ तब पक्षी चहचहाने लगे |

**वसंत**

अकबरी लोटा

1) लाला झाऊ लाल ने पत्नी के हाथों से लोटा लेकर चुप-चाप पानी क्यों पी लिया ?
2) अंग्रेज़ ने बिलवासी पर विश्वास क्यों कर लिया ?

सूर के पद

1) श्री कृष्ण के पाँच पर्यायवाची शब्द लिखिए |
2) यशोदा माँ गोपियों की शिकायत पर विश्वास क्यों नहीं करती हैं ?

–